प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वर्णिम भवन का उद्घाटन

drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-golden-building-of-prajapita-brahmakumari-ishwariya-vishwavidyalaya

चर्चा में क्यों?

11 नवंबर, 2021 को अल्पसंख्यक मामलात वक्फ एवं जन-अभियोग निराकरण मंत्री शाले मोहम्मद ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जैसलमेर के नवनिर्मित स्वर्णिम भवन का फीता काटकर विधिवत् उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने इस अवसर पर ईश्वरीय ब्रह्मकुमारी बहनों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस भवन का निर्माण होने से ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गतिविधियों का और अधिक विकास होगा।
- इस अवसर पर उदयपुर सेवा केंद्र की प्रमुख बीके रीटा बहन ने बताया कि ईश्वरीय विश्वविद्यालय का लक्ष्य आध्यात्मिक ज्ञान योग के द्वारा मन की बुराइयों को दूर करना, राजयोग द्वारा मन को सशक्त ऊर्जावान बनाना, राजयोग द्वारा घर-गृहस्थी में रहकर मन को शांत करके घर-परिवार को जोड़ना, व्यसनों से मुक्ति, अच्छा लक्ष्य देकर ऊँचा स्वाभिमान देना, एक भगवान एक विश्व परिवार का कॉन्सेप्ट देकर मानव धर्म में सभी को सम्बल देना है।
- उन्होंने बताया कि ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, डूंगरपुर, बाड़मेर एवं अन्य स्थानों से ब्रह्मकुमारी बहनें उपस्थित हुई हैं।